राज्यपाल सचिवालय,

राजभवन, जयपुर

जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के प्रयास करने होंगे -राज्यपाल

जयपुर, 22 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व जल दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि आज विश्व जल दिवस है, हमें जल के सदुपयोग करने का संकल्प लेना होगा। हमें जल का दुरुपयोग नहीं करना है और लोगों को जल के दुरुपयोग करने से रोकना है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि आने वाले समय में जल के लिए संघर्ष हो सकता है इसलिए भविष्य को देखते हुए जल का उपयोग करें, जल का संचय करें व आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें। राज्यपाल ने कहा कि हमें हमारी आने वाली पीढ़ी को जल के सदुपयोग के बारे में शिक्षा देनी है। राज्य के विश्वविद्यालयों को अभी से ही जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के प्रयास करने होंगे इसके लिए विश्वविद्यालयों को गोष्ठियों, सेमिनार और जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न जागरूक कार्यक्रमों को संचालित करना होगा।

डॉ लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान